
दिनाँक
30/1/24

# राष्ट्रीय आय और उत्पाद (National Income & Product)

## अर्थव्यवस्था क्या होती है?

अर्थव्यवस्था कोई भी एक भौगोलिक क्षेत्र होती है जिसमें उपलब्ध संसाधनो से वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाता है और उनका वितरण लोगो को किया जाता है ताकि उनकी आवश्यकताएँ पूरी हो सकें और उन्हे कल्याण (welfare) प्राप्त हो सके।

अर्थव्यवस्था को एक चित्र (diagram) द्वारा दिखाया जा सकता है-




KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

## Micro (व्यष्टि) v/s समष्टि (Macro) Economics

| व्यष्टि अर्थशास्त्र | समष्टि अर्थशास्त्र |
| --- | --- |
| इसके अन्तर्गत किसी एक आर्थिक निर्णयकर्ता के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है जैसे कि एक उपभोक्ता, एक उत्पादक, एक श्रमिक आदि। | इसके अन्तर्गत सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था से जुड़ी बातों का अध्ययन किया जाता है जी.डी.पी (GDP), रोजगार, मुद्रास्फीति |

Note:-

समष्टिगत अर्थशास्त्र को समझने के लिए व्यष्टिगत अर्थशास्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अर्थात Micro से Macro तक पारगमन किया जाता है।

KHAN GLOBAL STUDIES KGS IAS Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

## राष्ट्रीय और उत्पाद से जुड़ी महत्वपूर्ण अवधारणाएँ:-

### 1. जी.डी.पी = सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product)

एक देश की घरेलू सीमा मे एक वर्ष मे उत्पादित होने वाली सभी अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं के बाजार मूल्यों के समग्र योग को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहते है।

जी·डी·पी· की उपर्युक्त परिभाषा को निम्न बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है


(i) किसी भी देश की जी.डी.पी. मे केवल उसी उत्पादन को ध्यान मे रखा जाएगा जो कि उसकी घरेलू सीमा मे हुआ हो।

यहाँ घरेलू सीमा एक प्रकार की आर्थिक सीमा होती है जिसमें प्रशासनिक नियंत्रण संबंध देश की सरकार का होता है। यह सीमा भौगोलिक सीमा से थोड़ी अलग हो सकती है।

• यदि किसी देश के साधन अन्य देश की इस तरह की सीमा मे जा कर कार्य करते हैं तो उनके उत्पादन को मूलराष्ट्र की जी·डी·पी मे सम्मिलित नही किया जाएगा।

उपर्युक्त का आशय यह भी हुआ कि यदि विदेशी साधन किसी देश की सीमा मे कार्य करते हैं तो उसकी जी·डी·पी मे उनके योगदान को ध्यान मे रखा जायेगा। इसे एक चित्र द्वारा दिखाया जा सकता है-

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR




(ii) जी.डी.पी की गणना मे सभी वस्तुओ और सेवाओं को साम्मिलित करने के बजाय केवल अन्तिम वस्तु और सेवाओं को साम्मिलित किया जाता है ताकि दोहरी गणना से बचा जा सके।

इसे समझने के लिए निम्न उदाहरण का प्रयोग किया जाता है-

| गेहूँ | आटा | ब्रेड |
|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ |
| ₹ 10 | ₹ 12 | ₹ 20 |
| ₹ 10 | ₹ 2 | ₹ 8 |

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

- जी डी पी को बाजार मूल्यो पर निकाला जाता है।
- जी. डी पी को एक समयावधि से जोड़ा जाता है
- जो कि सामान्यतः एक वर्ष होता है

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR